Fact Sheet

ANTHRAX: What You Need to Know

What Is Anthrax?
Anthrax is a serious disease caused by bacteria that forms spores. Anthrax can make you sick by getting into your skin, lungs or digestive system. It can be deadly if untreated.

How Do You Get Anthrax?
People can get anthrax from touching or eating an infected animal or breathing in spores from an infected animal. Anthrax can also be used as a weapon. In 2001, 22 people got sick when anthrax was put into the mail.

You cannot catch anthrax from another person or spread it to others.

What Happens If I Get Anthrax?
People usually get sick within 1 to 7 days of exposure to anthrax, but if it is in your lungs it may take 42 days before you get sick.
It may cause your skin to blister or have sores. You may have a sore throat, fever, headache, cough and breathing problems.

You will need to be treated with medicine because anthrax can cause serious illness or death.

How Is Anthrax Treated?
There is no way to test for anthrax before you get sick.

Antibiotics are used to treat all types of anthrax.

Health-care workers will give you medicine (doxycycline or ciprofloxacin). This medicine can help prevent an anthrax infection, even if you don’t feel sick.

You may have to take this medicine for 60 days. The medicine can cause nausea, diarrhea, headache or a yeast infection (women only), but it is important that you keep taking the medicine until it is gone.

Children have to take different amounts of the medicine than adults. Health-care workers have information on how to give medicine to children and babies.

फैक्ट शीट

एंथ्रेक्स : आपको क्या मालूम होना चाहिए

एंथ्रेक्स क्या है?

एंथ्रेक्स एक गंभीर रोग है जो स्पोर (जीवाणु) बनाने वाले बैक्टीरिया के कारण होता है। एंथ्रेक्स आपकी त्वचा, फेफड़ों या पाचन तंत्र में प्रवेश करके आपको बीमार बना सकता है। यदि उपचार न हो तो यह घातक हो सकता है।

आपको एंथ्रेक्स कैसे होता है?

किसी संक्रमित जानवर को छूने या उसका मांस खाने अथवा संक्रमित जानवर से उत्पन्न जीवाणुओं की उपस्थिति में सांस लेने से लोगों को एंथ्रेक्स हो सकता है। एंथ्रेक्स का प्रयोग एक हथियार के रूप में भी किया जा सकता है। वर्ष 2002 में, चिट्ठियों में एंथ्रेक्स डालकर भेजने से 22 लोग बीमार पड़ गए थे।

आपको किसी अन्य व्यक्ति से एंथ्रेक्स नहीं हो सकता या आप इसे अन्य लोगों तक नहीं फैला सकते।

यदि मुझे एंथ्रेक्स हो जाए तो क्या होगा?

एंथ्रेक्स के संपर्क में आने वाले लोग आम तौर पर 1 से 7 दिनों में बीमार पड़ जाते हैं, लेकिन यदि यह आपके फेफड़ों में हो तो यह आपको बीमार करने में 42 दिन का समय ले सकता है।
इसके कारण आपकी त्वचा पर फफोले या फोड़े–फुंसियां हो सकते हैं। आपके गले में तकलीफदेह सूजन, बुखार, सिर दर्द, खांसी और सांस संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

आपको औषधियों से उपचार कराने की आवश्यकता होगी क्योंकि एंथ्रेक्स के कारण गंभीर बीमारी या मृत्यु भी हो सकती है।

एंथ्रेक्स का उपचार कैसे होता है?

जब तक आप बीमार न पड़ जाएं तब तक एंथ्रेक्स का पता लगाने का कोई तरीका नहीं है।

सभी प्रकार के एंथ्रेक्स के उपचार के लिए एंटीबॉयोटिक का प्रयोग किया जाता है।

स्वास्थ्य की देखभाल करने वाले कर्मचारी आपको दवा (डॉक्सीसाइक्लाइन या सिप्रोफ्लोक्सेसिन) देंगे। यह दवा एंथ्रेक्स के संक्रमण से बचाव में सहायता कर सकती है, भले ही आप बीमार महसूस न करें।

आप यह दवा 60 दिन तक ले सकते हैं। इस दवा की वजह से मतली, दस्त, सिर दर्द, या जननेन्द्रिय अंग में यीस्ट फंगस के कारण संक्रमण होना (सिर्फ महिलाओं में) हो सकता है, लेकिन जब तक यह दूर न हो जाए तब तक दवा लेते रहना महत्वपूर्ण है।

वयस्कों की तुलना में बच्चों को दवा की भिन्न–भिन्न मात्रा लेनी होती है। बच्चों और नन्हे शिशुओं को किस प्रकार दवा देनी है इस बारे में स्वास्थ्य की देखभाल करने वाले कर्मचारियों के पास जानकारी होती है।